दिन– बुधवार | दिनांक– 10 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति स्थिर होने तक नेपाल की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। सरकार ने नेपाल में भारतीय नागरिकों को अपने वर्तमान निवास स्थानों पर ही रहने, सड़कों पर जाने से बचने और पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ ही, नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी है। किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर, सरकार ने काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबर **नौ सात सात – नौ आठ शून्य आठ छह शून्य दो आठ आठ एक** या **नौ सात सात – नौ आठ एक शून्य तीन दो छह एक तीन चार** पर संपर्क करने को कहा है।

———————————————————

नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शन और राजनीतिक उथल–पुथल को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों– पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल और किशनगंज में चौकसी बढ़ा दी गई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एसएसबी और पुलिस की अतिरिक्त टीमों की तैनाती की गई है। सीमा पार आने–जाने वालों की गहन जांच की जा रही है।

———————————————————

नेपाल की सेना ने आज शाम पांच बजे तक निषेधाज्ञा जारी की है। नेपाल में कर्फ्यू कल सुबह छह बजे तक बढ़ा दिया गया है। सेना ने कहा कि सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया है। आगे की स्थिति के आधार पर अगली सूचना जारी की जाएगी। हालांकि, निषेधाज्ञा और कर्फ्यू के दौरान, एम्बुलेंस, दमकल, स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा वाहनों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन के तीसरे दिन आज सेना की तैनाती के बीच काठमांडू घाटी में माहौल शांतिपूर्ण रहा। नेपाल की सेना ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे बिना आवश्यक कार्यों के घरों से बाहर न निकलें। नेपाल की सेना नागरिकों से अपील की है कि अगर कोई उपद्रवी सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचाए, तो तुरंत उन्हें सूचित करें। सेना ने नागरिकों से

सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करने का भी अनुरोध किया है। इस बीच, त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आज शाम तक बंद रहेगा।

———————————————————————

एयर इंडिया और इंडिगो सहित कई एयरलाइन कंपनियों ने आज काठमांडू जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी है। नेपाल की राजधानी में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी–प्रदर्शन के बीच हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। नेपाल एयरलाइंस ने भी कल दिल्ली से काठमांडू जाने वाली अपनी उड़ान रद्द कर दी थी। एयर इंडिया और स्पाइसजेट ने भी आज के लिए काठमांडू आने–जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं।

———————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन का आज होने वाला कटिहार और पटना का दौरा अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। वित्त मंत्री के सहायक निजी सचिव ने यह जानकारी दी है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि लाभुकों के खाते में अंतरित की। श्री कुमार ने एक करोड़ तेरह लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में लगभग एक हजार दो सौ चौंसठ करोड़ रूपये की राशि डी.बी.टी के माध्यम से हस्तांतरित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी भी उपस्थित थे।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। बेतिया में सबसे अधिक एक सौ पैंतीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।